# कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में 71.26 प्रतिशत मतदान हुआ

**कोटा,** (निसं)। कोटा बूंदी संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार को हुए मतदान का प्रतिशत 71.26 रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल मतदाता 2088023 में से 788089 पुरूष, 699768 महिला एवं 22 ट्रांसजेडर्स सहित कुल 1487879 ने मतदान किया। पुरूष मतदान प्रतिशत 73.86, महिला मतदान प्रतिशत 68.93, टांसजेडर्स मतदान प्रतिशत 57.89 रहा।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में मतदान प्रतिशत शहरी क्षेत्र में पुरूष मतदान प्रतिशत 72.45 प्रतिशत रहा। महिला मतदान प्रतिशत 68.66 प्रतिशत रहा। ट्रांसजेडर्स का मतदान प्रतिशत 55.88 रहा। इस तरह शहरी क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत 70.60 प्रतिशत रहा। ग्रामीण क्षेत्र में पुरूष मतदान प्रतिशत 74.44, महिला मतदान प्रतिशत 69.20, ट्रांसजेडर्स 75 प्रतिशत कुल मतदान प्रतिशत 71.91 रहा। लोकसभा आम चुनाव- 2024 के लिए हुए मतदान में कोटा बूंदी लोकसभा क्षेत्र के 1487879 मतदाताओं ने मतदान किया।

इनमें 18 से 19 वर्ष आयुवर्ग के 44878 मतदाता रहे। 20 से 25 आयुवर्ग के मतदाता 177175 रहे, जबकि 85 व इससे अधिक आयु वर्ग के 11636 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया।

दृष्टिबाधित होने से 85 मतदाताओं ने डमी बेलेट ब्रेलशीट से मतदान किया। ऐसे 697 मतदाताओं ने सहयोगी की मदद से मतदान किया जबकि ऐसे 14 मतदाताओं ने बूथ पर उपलब्ध सुविधाओं और सहयोगी की मदद से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इन बूथों पर हुआ सबसे अधिक मतदान-संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत में केशवरायपाटन बूथ संख्या 208 राउप्रावि रघुनाथपुरा में 91.26 प्रतिशत, बूंदी के बूथ संख्या 298 राउप्रावि भगवानपुरा में 92.46 प्रतिशत में सबसे अधिक मतदान हुआ हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार कोटा जिले की पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 201 राप्रावि गोकुलपुरा में 83.70 प्रतिशत, विधानसभा सांगोद में बूथ संख्या 206 राउप्रावि किशोरसागर में 93.64 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र कोटा उत्तर के बूथ संख्या 15 राप्रावि मरडिया बस्ती में 82.85 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र कोटा दक्षिण के बूथ संख्या 23 राउप्रावि साजीदेहड़ा में 84.33, विधानसभा क्षेत्र लाड़पुरा के बूथ संख्या 171 राउप्रावि चडिंदा में 93.35 प्रतिशत एवं विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी के बूथ संख्या 46 राउप्रावि पंचकुई में 87.48 प्रतिशत मतदाताओं के अपने मताधिकार क प्रयोग किया हैं।

**इन बूथों पर हुआ सबसे कम मतदान:-** इसी प्रकार संसदीय क्षेत्र में सबसे कम प्रतिशत केशवरायपाटन बूथ संख्या 86 राउमावि सुमेरगंजमंडी में 48.07 प्रतिशत, बूंदी के बूथ संख्या 225 राउप्रावि भरताबावडी क.न 02 में 48.95 प्रतिशत में सबसे कम मतदान हुआ हैं।

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार कोटा जिले की पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 57 राप्रावि बम्बूलियाखुर्द में 55.39 प्रतिशत, विधानसभा सांगोद में बूथ संख्या 158 राउप्रावि मोईखुर्द में 58.23 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र कोटा उत्तर के बूथ संख्या 129 केन्द्रीय विद्यालय 1 भीमगंजमंडी में 41.47 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र कोटा दक्षिण के बूथ संख्या 102 राजकीय महात्मा गांधी स्कूल आरएसी में 45.19 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र लाड़पुरा के बूथ संख्या 142 में राबाउमावि कन्सुआं में 50.30 प्रतिशत एवं विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी के बूथ संख्या 121 सर्वोदय विहार सामुदायिक भवन हॉल मोडक में 47.81 प्रतिशत मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार क प्रयोग किया हैं।

# महाप्रबंधक के प्रयासों से 8400 करोड़ से अधिक रेवेन्यू अर्जित किया

■ **स्क्रैप बिक्री, जीएसटी कलेक्शन, केपिटल एक्सपेंडिचर में भी पश्चिम मध्य रेल ने शानदार प्रदर्शन किया**

**कोटा,** (निसं)। पश्चिम मध्य रेल के लिए वर्ष 2023-24 रेलवे राजस्व में अभूतपूर्व उपलब्धियों से भरा रहा। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय एवं डीआरएम मनीष तिवारी के निरंतर प्रयासों से पश्चिम मध्य रेल के कोटा मंडल ने रिकॉर्ड कैपेक्स हासिल किया। इसके अलावा पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2023-24 में प्रारंभिक (ऑर्जिनेटिंग) रेवन्यू, अन्य रेल राजस्व, स्क्रैप बिक्री एवं जीएसटी कलेक्शन आदि महत्वपूर्ण रेवन्यू में भी शानदार प्रदर्शन किया है।

रिकॉर्ड कैपेक्स-वित्तीय वर्ष 2022-23 में रूपये 7218 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रूपये 10275 करोड़ का रिकॉर्ड कैपेक्स के साथ 42 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे अधोसरंचना कार्यों में वृद्धि के साथ गति भी मिल रही है। यह पश्चिम मध्य रेल का उच्चत्तम कैपेक्स रिकॉर्ड है।

ऑर्जिनेटिंग आय-वित्तीय वर्ष 2022-23 के 7808 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 8492 करोड़ रुपये का ऑर्जिनेटिंग राजस्व हासिल किया है, जो कि 09 प्रतिशत अधिक है। इस वित्तीय वर्ष में पश्चिम मध्य रेल ने अब तक का रिकॉर्ड ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू में यात्री यातायात, माल यातायात, संड्री एवं अन्य रेल राजस्व शामिल है।

कोटा मण्डल की ऑर्जिनेटिंग आय-कोटा मण्डल ने वर्ष 2023-24 के दौरान 1537 करोड़ रुपये ऑर्जिनेटिंग रेवन्यू अर्जित किया, जो वर्ष 2022-23 में 1518 करोड़ रुपये अर्जित रेवन्यू की तुलना से 01 प्रतिशत अधिक है।

अन्य रेल राजस्व-पश्चिम मध्य रेल ने यात्री यातायात, माल यातायात एवं संड्री आय में शानदार उपलब्धि हासिल कर राजस्व अर्जित किया है।

यात्री यातायात के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के 2072 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 2335 रुपये का रेल राजस्व हासिल किया है जो कि 13 प्रतिशत अधिक है। माल यातायात के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के 5370 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 5763 करोड़ रुपये का रेल राजस्व हासिल किया है जो कि 7 प्रतिशत अधिक है। संड्री आय के तहत वित्त वर्ष 2022-23 के 199 करोड़ रुपये की तुलना में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 230 करोड़ रुपये का संड्री आय हासिल की है जो कि 16 प्रतिशत अधिक है।

स्क्रैप बिक्री-वित्तीय वर्ष 2022-23 में 236 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष में 2023-24 के दौरान 346 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री की गई, जो कि 46 प्रतिशत से अधिक है। पश्चिम मध्य रेल ने गत वित्तीय वर्ष में सर्वोत्तम स्क्रैप बिक्री दर्ज किया।

जीएसटी कलेक्शन-वित्तीय वर्ष 2022-23 में रूपये 403 करोड़ 08 लाख की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान रूपये 454 करोड़ 9 लाख का जीएसटी कलेक्शन हासिल कर लगभग 13 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। गौरतलब है कि महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के निरंतर मार्गदर्शन एवं सुनिश्चित रेलवे दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कोटा सहित जबलपुर एवं भोपाल मंडल द्वारा रेल राजस्व वृद्धि के लिए सार्थक प्रयास किये जा रहे है।

# नव्या क्लब का आरोहण कार्यक्रम आज

**कोटा,** (निसं)। शहर का प्रतिष्ठित नव्या क्लब अपनी स्थापना के 8 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करके नवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। पिछले 8 वर्षों में महिला विकास, सामाजिक विकास, पिछड़े वर्ग के आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान से संबंधित अनेक प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक संचालित करने के साथ ही घरेलू एकरसता से हटकर महिला मनोरंजन के कार्यक्रम भी निरंतर चलते रहते हैं।

इन्हीं सतत् चहुंमुखी गतिविधियों के कारण नव्या क्लब ने कोटा में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। नव्या क्लब की संस्थापक अध्यक्षा आशिता माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम 'आरोहण' इसी दिशा में उठाया गया एक कदम है, जिसमें पुरातन हिंदू संस्कृति से जुड़ी कुछ परंपराओं को दर्शाया गया है। कार्यक्रम की रूपरेखा रंजना कचोलिया एवं मंजू लुक्कड़ ने तैयार की है। उन्होंने बताया कि हमारे प्राचीन हिंदू ग्रंथो में उल्लेखित संपूर्ण 16 संस्कारों की जानकारी आज भी बहुत कम लोगों को हैं। इन संस्कारों का क्रमानुसार मंचन इस कार्यक्रम का विशिष्ट आकर्षण है। क्लब अध्यक्ष पूजा गुप्ता एवं सचिव श्वेता शर्मा ने बताया कि मोबाइल के बढ़ते उपयोग का दुष्प्रभाव ,एकाकीपन से जुझती युवा पीढ़ी, ऑनलाइन शॉपिंग से युवाओं में घटी सामाजिकता, बढ़ती उम्र घटते सामाजिक मूल्य आदि समस्याओं का नाटक मंचन भी अद्वितीय है।

उमंग भार्गव और लिली जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज में फैल रही कुरीतियों के विरुद्ध जागृति लाने का एक प्रयास है। नव्या क्लब के कार्यकारिणी सदस्यों पुनीता जांगिड़, सरिता काबरा व अन्य के नेतृत्व में क्लब की सदस्ययाऐ पिछले काफी दिनों से जोर-शोर से तैयारी में लगे हुईं हैं। आरोहण के पोस्टर का विमोचन शहर की गणमान्य एवं प्रतिष्ठित हस्तियों द्वारा किया गया। कोटा शहर के कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने इस प्रयास की सहाराना की और कहा कि ऐसा जागृति पूर्ण कार्यक्रम पहली बार किसी महिला क्लब द्वारा आयोजित किया जा रहा है ,और यह आशा व्यक्त की, कि आगे भी अन्य सामाजिक संस्थाओं द्वारा इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएं ताकि समाज में नई चेतना का जागरण हो और हम आने वाली पीढ़ी में सामाजिक और नैतिक मूल्यों का सृजन कर सके।

## फूड पॉइजिंग से 20 लोग बीमार

**भरतपुर** (निस)। उद्योग नगर थाना इलाके में करीब 20 लोग फ़ूड पॉइजिंग को वजह से बीमार हो गए। बीमार लोगों को आरबीएम अस्पताल में लाया गया। कुछ लोगों को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। सभी लोगों ने शादी के घर में खाना खाया था। तब से उनकी तबियत बिगड़ी है।

मरीजों ने बताया कि सांतरुक गांव में 25 अप्रैल को निशु नाम की लड़की की शादी थी। 24 अप्रैल को निशु के घर कढी चावल और पूरी बनी थी। निशु के परिजनों और आसपास के लोगों ने खाना खाया और सभी लोग घर चले गए। 25 अप्रैल को कुछ लोगों की तबियत खराब होने लगी। उन्होंने पहले तो मेडिकल की दुकान से दवा ले ली लेकिन, उनकी तबियत ठीक नहीं हुई। कल करीब 20 लोगों की तबियत ज्यादा बिगड़ गई। जिन्हें रारह के अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# कोटा में पहली बार नि:शुल्क नए दृष्टिकोण वाला शिविर 11 मई से

■ **रोड नं.1 इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एलन उत्सव वाटिका में छह दिवसीय शिविर होगा**

■ **शिविर में शरीर व मन की शक्तियों को जागृत करने के अभ्यास व अदृश्य आहार के माध्यम से आवश्यक पोषण देंगे**

**कोटा,** (निसं)। सन टू ह्युमन फाउंडेशन की ओर से कोटा में पहली बार निशुल्क नए दृष्टिकोण वाला शिविर आयोजित होने जा रहा है। फाउंडेशन से जुड़े माँ मैत्रेयी, तारिणी और शून्य ने बताया कि रोड़ नं.1 इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एलन उत्सव वाटिका में यह शिविर 11 से 16 मई तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। निर्धारित संख्या में ही शिविर में प्रवेश दिया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक एलन (मानधना) परिवार कोटा है। जबकि भारत विकास परिषद कोटा, रोटरी क्लब कोटा, स्माल स्केल इंडस्ट्रीज, कोटा व्यापार महासंघ, श्रीराम फर्टीलाइजर्स एंड केमिकल लिमिटेड डीसीएम एवं कोटा हॉस्टल एसोसिएशन्स सहित नगर की प्रमुख संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। एलन मानधना परिवार के डॉ. गोविंद माहेश्वरी ने बताया कि परम आलय जी की पहल पर की गई इस शुरुआत के अंतर्गत सम्यक आहार, सम्यक नाभि झटका प्रयोग, सम्यक ध्यान एवं ऊर्जा निर्माण का प्रयास किया जाता है। इस शिविर का ध्येय प्रवचन नहीं प्रयोग है।

शुरुआत के तीन दिन में 11 से 13 मई तक शरीर की शक्तियों को विकसित करने के लिए प्रयोग किए जाते हैं। इसके बाद 14 से 16 मई बाद के तीन दिनों में परम आलय जी स्वयं मौजूद रहेंगे और मन की शक्तियों को विकसित करने वाले सूत्रों को समझाया जाएगा।

इस विषय से संबंधित जिज्ञासाएं शांत की जाएंगी। उन्होंने बताया कि देश-विदेश में अब तक 300 से अधिक निशुल्क नए दृष्टिकोण वाले शिविर आयोजित किए जा चुके है। "नए दृष्टिकोण वाला शिविर" एलन उत्सव वाटिका में प्रात: 6:00 से 8:00 बजे तक आयोजित होने जा रहा है जिसमें प्राचीन ज्ञान एवं आधुनिक विज्ञान के समागम से शरीर को स्वस्थ, मन को आनंदित और चेतना की झलक के लिए सही आहार, सही व्यायाम, सही ध्यान के न केवल यूनिवर्सल सूत्र बताये जाएंगे, बल्कि उसके प्रयोग भी करवाए जाएंगे। इसके माध्यम से हजारों लोगों ने आसानी से 10-20-30 किलो वजन घटाया है और अपनी अनेक शारीरिक एवं मानसिक बीमारियों जैसे हाई ब्लड प्रेशर, थाइरोइड प्रॉब्लम, अस्थमा, डिप्रेशन, हार्ट प्रॉब्लम, माइग्रेन, कॉन्स्टिपेशन को अपने जीवन से बाहर किया है और अपने ब्रेन की शक्तियों को जगाकर जीवन की हर ऊंचाई को सरलता से प्राप्त किया है।

शिविर में सही कॉम्बिनेशन वाला अदृश्य नाश्ता भी करवाया जाता है जो आपके भीतर हर तरह के आवश्यक तत्वों की पूर्ति करके आपके ब्रेन की शक्तियों को जगाने में सहायक होता है।

## सार-समाचार

### 58वीं बार की एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। टीम जीवनदाता द्वारा मदद का सिलसिला जारी है। दिन हो या रात, कोई भी कार्य हाथ में हो, ये रक्तदाता फॉरेन पहुंचकर मदद के लिए पूरी जी जान लगा देते है। शनिवार को भी कुछ ऐसा वाकया हुवा जब निजी अस्पताल में सुरज जैन रोगी को लाया गया और उनकी प्लेटलेट्स काउंट बहुत कम रह गई। ऐसे में प्रात: 3 बजे से ही परिजन डोनर के लिए परेशान घूमते रहे किंतु अर्धरात्रि के चलते निराशा मिली। टीम जीवनदाता के भुवनेश गुप्ता को कॉल गया तो उन्होंने प्रात:काल 5 बजे ही टीम के मनीष माहेश्वरी को कॉल लगा दिया। मनीष ने काल उठकर 6 बजे आने को कहा। नियत समय पर मनीष माहेश्वरी तलवंडी स्थित अपना ब्लड बैंक पहुंचकर एसडीपी डोनेट की। मनीष अब तक 29 बार रक्तदान के साथ कुल 87 बार डोनेशन कर चुके हैं। पिता रामचरण झंवर आए छोटा भाई अवनीश माहेश्वरी को अपना आदर्श मानते है और उनकी प्रेरणा से निरंतर ये जीवनदायिनी कार्य 10 वर्ष्यो से कर रहे हैं।

### श्री मंगलमय चमत्कारी धाम विज्ञान नगर पर भंडारे में हजारों श्रद्धालु उमड़े

**कोटा,** (निसं)। श्री मंगलमय चमत्कारी धाम विज्ञान नगर श्री मंगलमय चमत्कारिक धाम हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान एक सप्ताह के कार्यक्रम के तहत शनिवार को विशाल आम भंडारा मैं हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी का आनंद लिया। श्री मंगलमय चमत्कारी धाम के महंत पंडित अशोक तिवारी के सानिध्य में श्री मंगलमय चमत्कारी धाम हनुमान सेवा समिति के तत्वाधान में श्री मंगलमय चमत्कारी धाम पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर अभिषेक स्वर्ण श्रृंगार महा आरती समेत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को श्री मंगलमय चमत्कारी धाम पर आरती की गई एवं कोटा महानगर का विशाल आम भंडारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं भक्तों ने आम भंडारे में प्रसादी पाई। इस अवसर पर श्री मंगलमय चमत्कारिक धाम हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष कपिल शर्मा, महामंत्री सुरेश लखेरा, कोषाध्यक्ष के.के. शर्मा कमल, निर्माण प्रभारी हरीश सोनी, मंदिर समिति के सदस्य अनूप शर्मा मुकेश जैन लोकेश गोयल बॉबी चक्रपाणि गौतम जोगेंद्र बीरवाल पुष्प कांत शर्मा, रूचिन मित्तल बाल सेवा के हर्षित शर्मा समेत अनेक कार्यकर्ता सेवा में जुटे।

### पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान में 1056 गर्भवतियों की सेहत जांची

**कोटा,** (निसं)। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन शनिवार को 78 चिकित्सा संस्थानों पर हुआ। अभियान में 1056 गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व स्वास्थ्य जांच हुई। इस दौरान गर्भवतियों को परामर्श व दवाईयां दी गई। सीएमएचओ डॉ जगदीश कुमार सोनी ने बताया कि अभियान में गर्भवतियों की ब्लड, यूरीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर सहित अन्य जांचे नि:शुल्क की गई। इस दौरान संभावित जटिल व उच्च जोखिम प्रसव वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर विशेष सावधानियां रखने की हिदायत दी। साथ ही शिशुओं के स्तनपान, पोषण व टीकाकरण के बारे में बताया। पौष्टिक आयरयुक्त आहार, मिलेट्स लेने की सलाह दी गई। सीएमएचओ ने बताया कि गर्भवतियों की बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच के लिए यह अभियान महीने में तीन बार 9, 18 और 27 तारीख को अयोजित किया जाता है।

### आज यहां बिजली बंद

**कोटा,** (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण रविवार को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक किसना रेजिडेंसी, गौरक्षक विहार, वृंदावन वाटिका, कृषि क्षेत्र, सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक स्काई पार्क, सुभाष नगर, ओम अर्बन हाइट्स, दीपश्री सत्संग, आशीर्वाद गोकुल, शगुन एलिगेंस, ओम मेटल हाऊसिंग, सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, अजय आहूजा नगर, पुलिस चौकी के पास उड़िया बस्ती, रंगबाड़ी योजना, घरौंदा योजना, विनोभा भावे नगर, क्रेशर बस्ती, मुकुंदरा विहार आवासीय योजना और लखावा क्रेशर उद्योग के आसपास का क्षेत्र आदि। सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तक न्यू राजीव गांधी नगर आदि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

# एम.बी.सी.ए. कोटा ने श्रेष्ठ क्रिकेट अकेडमी को हराया

**कोटा,** (निसं)। यूनिक क्रिकेट अकेडमी कोटा के तत्वाधान में बेस्ट इन टॉउन कप अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन यूनिक क्रिकेट ग्राउंड, भदाना कोटा पर किया जा रहा है।

प्रतियोगिता के संयोजक ओमेंद्र सिंह ने बताया कि दो दिवसीय फॉर्मेट में खेले जाने वाले लीग मैच में एमबीसीए कोटा बनाम श्रेष्ठ क्रिकेट अकैडमी के मध्य खेले गए मैच में एमबीसीए कोटा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमबीसीए कोटा टीम ने पहली पारी में 297 रनों का स्कोर बनाया जिसमें बल्लेबाजी करते हुए लक्ष मीणा ने 46 रन, नैतिक खंडेलवाल ने 44 रन और हर्ष नागर ने 42 रनों का योगदान किया।

श्रेष्ठ टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए बिलाल अहमद ने चार विकेट, केशव नागर ने तीन विकेट, नवीन, भावेश, विष्णु ने एक-एक विकेट लिया।

इसके पश्चात पहली पारी खेलते हुए श्रेष्ठ टीम ने सभी विकेट खोकर 124 रन बनाए जिसमें बल्लेबाजी करते हुए केशव नागर ने 59 रन और राघव ने 40 रनों का योगदान किया। एमबीसीए कोटा की ओर से गेंदबाजी करते हुए विशेष चौधरी, विवान सोमानी ने दो-दो विकेट लिए तथा सूर्यांश, मितुल, दिग्विजय, हर्ष नागर और हर्षित ने एक-एक विकेट लिया।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए एमबीसीए टीम ने रेहान खान के तेज गति से बनाए हुए 89 रन और उत्कर्ष के 55 रनों की सहायता से 22 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 208 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। श्रेष्ठ टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुऐं केशव नागर ने चार विकेट, विष्णु ने तीन विकेट और सौरभ ने एक विकेट लिया। 381 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रेष्ठ टीम 24 ओवर में 96 रनों पर ही सिमट गई जिसमें बल्लेबाजी करते हुए बिलाल अहमद ने 57 रन बनाऐं।

एमबीसीए टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष नागर, लक्ष मीणा ने तीन-तीन विकेट और दिग्विजय ने दो विकेट लिए। एमबीसीए कोटा ने यह मैच 285 रनों के विशाल अंतर से जीत लिया।

मैच के पश्चात एमबीसीए कोटा टीम के हर्ष नागर को मैन ऑफ द मैच से तथा श्रेष्ठ टीम के केशव नागर को फाईटर ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ओमेंद्र सिंह ने बताया कि मैच के दौरान मुख्य अतिथि एमबीसीए कोटा टीम के हेड कोच अभिमन्यु शर्मा, विजय सोमानी, अहसान खान, प्रदीप सिंह एवं आयोजन समिति के सदस्य व खिलाड़ी मौजूद रहे।

## बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे बांधे

**बारां** (निसं)। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन कार्यकारी अध्यक्ष शशि गर्ग व जिला महामंत्री शिल्पा ठाकुरिया ने बताया कि अंतराष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन द्वारा बेजुबान जानवरों के लिए परिंडे बांधे गए एवं सभी सदस्यों को अपने-अपने घरों के लिए परिंडे वितरित किए गए। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश मंगल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन उषा गोयल, मीना सोमानी व नेहा गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी महिलाओं द्वारा हनुमान चालीसा गाकर की गई। इस अवसर पर वर्तमान कोषाध्यक्ष रेखा विजय की सहमति द्वारा मृदुला मारू को नया कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया, वही सभी सदस्यों की सहमति से जिला संयोजिका के पद पर नीतू गुप्ता को नियुक्त किया गया। आगे की शेष कार्यकारिणी आने वाले सेशन में सभी की सहमति से नियुक्त की जाएगी। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें चित्र देखो व गीत लिखो प्रतियोगिता में शिल्पा ठाकुरिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व सुनीला अग्रवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# कोटा स्टेशन पर ठाकुर गुमान सिंह का स्वागत

■ **मान्यता के चुनावों के लिए केडर का आव्हान किया**

**कोटा,** (निसं)। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा मण्डल द्वारा एनएफआईआर के अध्यक्ष ठाकुर गुमान सिंह के मुम्बई प्रस्थान के दौरान गाड़ी संख्या 12956 पर संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

गुमान सिंह एनएफआईआर की वर्किंग कमेटी की मीटिंग मुम्बई में आयोजित की जा रही है उसमें भाग लेने हेतु एनएफआईआर के अन्य पदाधिकारियों के साथ मुम्बई जा रहे है। वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ कोटा मण्डल के मण्डल सचिव अब्दुल खालिक ने बताया कि स्वागत के दौरान ठाकुर गुमान सिंह ने संघ के केडर को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएफआईआर रेल कर्मचारियों के हितों के लिए हमेशा से तत्पर रहा है उसी कडी में रेलवे के मान्यता हेतु होने वाले चुनावों में एनएफआईआर का परचम लहराने हेतु संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को तैयार रहना है और उसी अनुरूप जोर शोर से तैयारियां करते हुए एनएफआईआर एवं वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ को और उचाईयों पर पहुंचाना है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष एसके गुप्ता, मट्टूलाल मीना, रामचरण मीना, महेन्द्र सिंह खींची, विमल मित्तल, राकेश शर्मा, राजेश कुमार, के.के.गौतम, अविनाश वर्मा, विशाल कुमार, रामप्रसाद घानावत, विकास गुप्ता, उपेन्द्र सिंह, राहुल कुमार, चेतराम मीना, बलिचन्द, धनराज, देवकरण, रणवीर गांधी, राजूस्वामी, महेश मीना सहित अन्य मजदूर संघ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी के चलते आमजन ऐहतियात बरतें : सी.एम.एच.ओ. ओ.पी. सामर

■ **शहरी चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

**बून्दी** (निसं)। जिले में बढ रही गर्मी के चलते चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से विशेष एहतियात बरतने की अपील करते हुए सीएमएचओ डॉ. ओपी सामर ने इन दिनों अत्यधिक गर्मी व लू-तापघात होने से आमजन चपेट में आ सकते हैं, खासकर हाइरिस्क वाले लोगों को खास ख्याल रखने की जरूरत बताई। वहीं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्मी के मौसम में जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए।

शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर रजत ग्रह एवं संजय नगर स्थित चिकित्सा संस्थानों का आकस्मिक निरीक्षण कर सीएमएचओ डॉ. सामर ने निर्देश दिए कि राज्य, जिला स्तर एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (नई दिल्ली), आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग (राजस्थान, जयपुर) से मिले निर्देशों एवं वीडियो कांफ्रेसिंग में मिले निर्देशां का आवश्यक रूप से से पालन करें। इन्होंने कहा कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट एवं पूर्वानुमान अनुसार आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करते हुए लू-ताप संबंधी रिपोर्ट एकत्र करें और अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। साथ ही अस्पतालों में रोगियों के उपचार के लिए अग्रिम रूप से इंतजाम, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, संस्थान में रोगी के उपचार के लिए आपातकालीन किट में ओआरएस, ड्रिप सेट, ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी से होने वाली बीमारियां जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, आंत्र दोष एवं अन्य मौसमी बीमारियों के रोगियों की सतर्कता से निगरानी रखे और आवश्यक उपचार उपलब्ध करवाएं। सभी केन्द्रों पर रेपिड रेस्पॉन्स टीम एवं नियंत्रण कक्ष स्थापित करते हुए आमजन को गर्मी से बचाव के बारे में जानकारी उपलब्ध भी करवाएं।

**यह हैं लक्षण:-** सीएमएचओ डॉ. सामर ने बताया कि शरीर में लवण व पानी अपर्याप्त होने पर विषम गर्म वातावरण में लू व तापघात से सिर का भारीपन व अत्यधिक सिरदर्द होने लगता है। इसके अलावा अधिक प्यास लगना, शरीर में भारीपन के साथ थकावट, जी मिचलाना, सिर चकराना व शरीर का तापमान बढ़ना, पसीना आना बंद होना, मुंह का लाल हो जाना, त्वचा का सूखा होना, अत्यधिक प्यास का लगना व बेहोशी जैसी स्थिति का होना आदि लक्षण आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय दृष्टि से लू-तापघात के लक्षण, लवण व पानी की आवश्यकता व अनुपात विकृति के कारण होती है। मस्तिष्क का एक केन्द्र जो मानव के तापमान को सामान्य बनाए रखता है, काम करना छोड़ देता है। ऐसे में रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लेटा दिया जावे। रोगी को होश मे आने की दशा मे उसे ठण्डा पेय पदार्थ पिलाएं। उन्होंने बताया कि यदि उक्त सावधानी के बाद भी मरीज ठीक नहीं होता है, तो उसे तत्काल निकट की चिकित्सा संस्थान ले जाया जाए।

**जरूरी है सावधानी:-** डॉ. सामर ने आमजन से भीषण गर्मी के चलते एहतियात बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जहां तक संभव हो धूप में न निकलें, धूप में शरीर पूर्ण तरह से ढका हो। आमजन जब भी बाहर निकलें, छाता व पानी आदि की व्यवस्था अनुरूप घर से निकलें। धूप में बाहर जाते समय हमेशा सफेद या हल्के रंग के ढीले व सूती कपड़ों का उपयोग करें। बहुत अधिक भीड़ व गर्म घुटन भरे कमरों से बचें। बिना भोजन किए बाहर न निकलें। गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर को गमछे या तौलिये से ढक कर ही जरूरी होने पर बाहर निकलें। रंगीन चश्मे एवं छतरी का प्रयोग करें। गर्मी मे हमेशा पानी अधिक मात्रा मे पिएं एवं पेय पदार्थों जैसे नींबू पानी, नारियल पानी, जूस आदि का प्रयोग करें।

लू तापघात से प्राय हाई रिस्क श्रेणी वाले लोग जैसे कि कुपोषित बच्चे, वृद्धजन, गर्भवती महिलाएं व शुगर, बीपी आदि के मरीज शीघ्र प्रभावित होते हैं। इन्हें बाहर न निकलने दें व इनका विशेष ध्यान रखें। स्वास्थ्य संबंधी जरूरत होने पर तत्काल 108 को कॉल करें या नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं। नरेगा अथवा अन्य श्रमिकों के कार्यस्थल पर छाया एवं पानी का पूर्ण प्रबन्ध रखा जावे ताकि श्रमिक थोड़ी-थोड़ी देर में छायादार स्थानों पर विश्राम कर सकें।

# सीए ऋषभ मित्तल टैक्स बार एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष बने

■ **टैक्स बार एसोसिएशन कोटा की नई कार्यकारिणी गठित हुई**

**कोटा,** (निसं)। टैक्स बार एसोसिएशन कोटा की नवीन कार्यकारिणी (2024-25) का गठन शनिवार को रोटरी बिनानी सभागार में हुआ, जिसमें सीए ऋषभ मित्तल को प्रेसीडेंट के रूप में चुना गया।

चुनाव अधिकारी सीए नीरज जैन व सीए मिलिंद विजयवर्गीय ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिए पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध चुनी गई, जिसमें चेयरमैन सीए ऋषभ मित्तल, सीएस अक्षय गुप्ता उपाध्यक्ष, सीए हितेश दयानी सचिव, एडवोकेट मुकुल नागर संयुक्त सचिव व सीए गोविंद डूडी को कोषाध्यक्ष के पद पर चुना गया। साथ ही सीए अर्पित जैन चेयरमैन इनकम टैक्स, एडवोकेट राजकुमार विजय चेयरमैन स्टेट जीएसटी एवं सीए पुलकित बाजारी को चेयरमैन सेंटल जीएसटी बनाया गया।

नवनियुक्त प्रेसीडेंट सीए ऋषभ मित्तल ने बताया कि संस्था द्वारा जीएसटी, इनकम टैक्स आदि के नए प्रावधानों पर विभिन्न सेमिनार आयोजित कर कर विशेषज्ञों को टैक्स प्रणाली में हो रहे निरंतर बदलावों से रूबरू करवाया जाएगा। सचिव सीए हितेश दयानी ने बताया कि कर विशेषज्ञों के लिए वर्षपर्यंत तकनीकी सेशनों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सामाजिक सरोकार के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। इस दौरान संस्था के वरिष्ठ सदस्यों ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को माला पहनाकर उनका स्वागत किया।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम दीपक कुमार से बदलकर नया नाम दीपक कुमार पुरोहित रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-दीपक कुमार पुरोहित पुत्र लक्ष्मी नारायण इन्द्रप्रस्थ कालोनी रामगंजमंडी कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम KHAIRUNNISA से बदलकर नया नाम KHERUNISHA GORI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-KHERUNISHA GORI W/O ABDUL RAJJAK GAURI H.NO. 269 BAJRANG NAGAR KOTA RAJASTHAN

**खोया-पाया**

मकान संख्या 398 दादाबाड़ी विस्तार योजना कोटा के अलॉटमेंट लेटर (यूआईटी से ज्ञान बाई), पॉवर ऑफ अटॉर्नी (ज्ञान बाई से मोहम्मद वकील), लीज डीड (यूआईटी से ज्ञान बाई) एवं भूपट्टी सेल लेटर (यूआईटी से ज्ञान बाई) कही खो गए है, जिसका एल.आर. नंबर 2145375/2024 है, अगर उपरोक्त दस्तावेज किसी को मिले तो गगनदीप सिंह को सूचित करें।
मोबाइल नंबर-9413000303
पता-398 दादाबाड़ी विस्तार योजना कोटा